स्थापना द्वारा मुख्यमंत्री प्रशिक्षु प्रोत्साहन योजना पोर्टल को संचालित करने हेतु दिशानिर्देश

चरण 1- पोर्टल पर पंजीकरण करें

- पोर्टल पर स्थापना के रूप में पंजीकृत होने के लिए संबंधित फील्डों में स्थापना का प्रकार (सरकारी अथवा निजी) का चयन करें तथा एनएपीएस आईडी, स्थापना का नाम, जिला, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भरकर **पंजीकरण करें** बटन पर क्लिक करें।
- तदोपरांत, भरा गया मोबाइल नंबर **One Time Password** (ओटीपी) के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। सत्यापन के पश्चात पंजीकरण विवरण संबंधित आईटीआई को सत्यापन हेतु प्रेषित कर दिया जाएगा।
- आईटीआई द्वारा पंजीकरण विवरण सत्यापित हो जाने के पश्चात, लॉगिन विवरण पंजीकृत मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी पर प्रेषित कर दिया जाएगा।

चरण 2 – लॉगिन करें

- संबंधित फील्डों में यूज़रनेम पासवर्ड व कैप्चा भरें तथा **लॉगिन** बटन पर क्लिक करें। तत्पश्चात, उपयोक्ता को डैशबोर्ड पर हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

प्रथम लॉगिन पर उपयोक्ता को सुरक्षा कारणों से अपना स्वतः जनित पासवर्ड बदलना होगा।

*यदि उपयोक्ता अपना पासवर्ड भूल जाता है तो **पासवर्ड भूल गए?** लिंक पर करें तथा ओटीपी आधारित मोबाइल नंबर सत्यापन हेतु अपना यूज़रनेम भरें। सत्यापन सफलतापूर्वक होने के पश्चात उपयोक्ता नया पासवर्ड सृजित कर सकेंगे।*

चरण 3 – स्थापना संबंधी विवरण दर्ज करें

- प्रथम लॉगिन के पश्चात उपयोक्ता को अपनी स्थापना का विवरण दर्ज करना होगा। निम्न जानकारियों को प्रपत्र में भरें:
    - पैन/डीआईएन
    - जीएसटी नंबर
    - संपर्क व्यक्ति का नाम
    - पदनाम
    - मोबाइल नंबर

- आधार नंबर
- बैंक विवरण (यदि स्थापना का प्रकार निजी है)

जब तक स्थापना का विवरण दर्ज नहीं हो जाता है उपयोक्ता को आगे की प्रक्रिया पूरी करने की अनुमति नहीं होगी। स्थापना का विवरण दर्ज होने के पश्चात कभी भी संशोधित किया जा सकेगा।

चरण 4- प्रशिक्षु का विवरण दर्ज करें

- स्थापना का विवरण दर्ज करने के पश्चात उपयोक्ता को प्रशिक्षु का विवरण दर्ज करना होगा। उपयोक्ता को निम्न विवरण संबंधित सेक्शन में भरना होगा:
  - **मूल विवरण**
    - शिक्षु का नाम
    - लिंग
    - जन्मतिथि
    - आधार नंबर
    - मोबाइल नंबर
    - ईमेल आईडी
    - एनएपीएस आईडी
  - **अनुबंध विवरण**
    - अनुबंध संख्या
    - अनुबंध प्रारंभ होने की तिथि
    - एटीएस व्यवसाय जिसमे प्रशिक्षण दिया जा रहा है
    - शिक्षुता की अवधि (माह में)
    - शिक्षुता प्रारंभ होने की तिथि
    - अभ्यर्थी को भुगतान किया जाने वाला वेतन/वृत्ति (रुपए में)
- साथ ही अभ्यर्थी के आईटीआई परिणाम की स्थिति का चयन करें यथा **उत्तीर्ण** अथवा **अनुत्तीर्ण**।
- इसके अतिरिक्त संबंधित फील्डों में अभ्यर्थी के बैंक का नाम, खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड भरें (सरकारी स्थापना की स्थिति में)।

दर्ज होने के पश्चात विवरण उसी पृष्ठ पर तालिक में प्रदर्शित होगा। संबंधित अभ्यर्थी का विवरण संशोधित अथवा हटाने हेतु तालिक में प्रदर्शित संबंधित बटन पर क्लिक करें।

चरण 5- अभ्यर्थी का इंवॉइस एवं क्लेम विवरण दर्ज करें

- चरण 4 पूर्ण होने के बाद उपयोक्ता को अभ्यर्थी का इंवॉइस तथा क्लेम विवरण दर्ज करना होगा।
- संबंधित साइड मेन्यू पर क्लिक करें एवं अभ्यर्थी, वर्ष तथा तिमाही जिसके लिए स्टाईपेंड क्लेम करना है (निजी स्थापना की स्थिति में)/माह, जिसके लिए स्टाईपेंड क्लेम करना है (सरकारी स्थापना की स्थिति में) का चयन करें।

- तत्पश्चात, संबंधित अभ्यर्थी का विवरण सभी फील्डों में स्वतः भर जाएगा। उपयोक्ता मासिक स्टाईपेंड राशि में संशोधन कर सकेंगे, यदि आवश्यक है।
- साथ ही निम्न दस्तावेजों को **JPG/JPEG/PDF** प्रारूप में अपलोड करें जिसके प्रत्येक का साइज़ **2 MB** से अधिक न हो (केवल निजी स्थापना की स्थिति में):
    - भुगतान हेतु संस्तुति के साथ कवरिंग लेटर
    - स्थापना द्वारा दर्ज इनवॉइस
    - बैंक विवरण

दर्ज होने के पश्चात विवरण उसी पृष्ठ पर तालिक में प्रदर्शित होगा। संबंधित अभ्यर्थी का विवरण संशोधित अथवा हटाने हेतु तालिक में प्रदर्शित संबंधित बटन पर क्लिक करें।

चरण 6- स्थिति देखें तथा आपत्ति का उत्तर दें/निस्तारित करें

- इंवॉइस तथा क्लेम का विवरण दर्ज करने के पश्चात, आवेदन संबंधित आईटीआई को सत्यापन हेतु प्रेषित किया जाएगा। यदि आईटीआई द्वारा कोई आपत्ति दर्ज की जाती है तो स्थापना को अपने डैशबोर्ड पर जाकर उस आपत्ति का उत्तर देना होगा। आपत्ति निस्तारित होने के पश्चात यदि आईटीआई को सभी जानकारी उचित प्रतीत होती हैं तो आईटीआई उस आवेदन को संयुक्त निदेशक को अंतिम स्वीकृति हेतु प्रेषित कर देगा।
- यदि संयुक्त निदेशक जानकारी को उचित पाते हैं तो वह आवेदन को अंतिम स्वीकृति प्रदान कर देंगे।
- तदोपरांत, आवेदन की स्थिति स्थापना के डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होगी तथा आईटीआई द्वारा एनएपीएस तथा सीएमएपीएस की राशि अभ्यर्थी/स्थापना के बैंक खाते में अंतरित कर दी जाएगी।

प्रत्येक महत्वपूर्ण चरण पर स्थापना के पंजीकृत मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी पर एसएमएस व ईमेल प्राप्त होंगे।